53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.4°c
अधिकतम 25.4 °c

**अमृतवाणी**
सिर्फ खड़े होकर पानी देखने से आप नदी नहीं पार कर सकते ।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

धर्मान्तरण, लव जिहाद और नशा समाज को कमजोर कर रहे हैं, सजगता आवश्यक : योगी



सूर्योदय - 6:56, सूर्यास्त - 5:20 | वर्ष : 53/ अंक : 331 | सोमवार, 01 दिसम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

सरकार तो सजग है ऐसे मामलों में खूब.... जनता की सावधानी भी है बहुत जरूरी...

# दहेज में मिले 3.5 लाख रुपए लौटाकर दूल्हे ने की शानदार मिसाल कायम





**मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में हाल ही में युवाओं ने दो अच्छी मिसाल कायम करके बेटियों के परिवारों को यह संदेश देने का काम किया है कि कन्यादान में वे वास्तव में सिर्फ कन्या ही लेंगे। हाल ही में बुढ़ाना में एक युवक ने शादी के दौरान 31 लाख रुपये की मिली रकम बिना ललचाए वापस लौटा दी थी। उक्त अच्छी मिसाल कायम करने की चर्चा दूर-दूर तक हुई थी। उसके ठीक बाद रविवार को मुजफ्फरनगर में एक युवा ने एक और शानदार उदाहरण पेश किया। मीरापुर के सम्भलहेड़ा निवासी युवक प्रवीण कुमार ने चरथावल थाना क्षेत्र के बुड्ढाखेड़ा गांव की रश्मि से विवाह रचाया। जहां बारात लेने के दौरान दूल्हे प्रवीण कुमार का जब लड़की पक्ष के संजय कुमार ने तिलक किया और साढे तीन लाख रुपये की नकद रकम दूल्हे प्रवीण कुमार को गोद में दी गयी तो तुरन्त प्रवीण कुमार ने इस रकम को वापस लौटा दिया। रकम के वापस लौटाते ही इस सराहनीय पहल का वहां बैठे सभी मेहमानों ने ताली बजाकर स्वागत किया और दूल्हे की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि पूरा समाज इसी तरह का हो जाए तो बेटियों के पिता पर पड़ने वाला बोझ अपने आप कम हो जाएगा और बेटियों को दहेज देने की चिंता उनके सिर से हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। लड़की के परिजनों का कहना था कि पिता पूरी जिंदगी पहले बच्चों को पढ़ाने में और फिर उनके विवाह के लिए पैसा इकट्ठे करने में उम्र से पहले ही बूढ़ा हो जाता है।

यदि आज का युवा इसी तरह दहेज प्रथा को नकारता रहा तो वास्तव में वह दिन दूर नहीं जब बेटियों के पिता के कांधे झुकने के बजाए और मजबूत होते दिखेंगे। उन्होंने कहा कि हालांकि अपनी बेटियों के लिए हर पिता व भाई जितना अधिक से अधिक कन्यादान में दे सकता है, वह अवश्य देता है, मगर जिनके मन में लालच है, उन ससुरालियों के पेट कभी नहीं भरते। एक ओर जहां आज भी दहेज के लिए आए दिन विवाहिताओं की हत्या तक कर दी जाती है वहीं ऐसे में प्रवीण जैसे युवा भी मौजूद हैं, जो अपनी मेहनत की कमाई पर ही विश्वास रखते हैं न कि ससुराल से आए पैसों के लालच में रहते हैं। वास्तव में इस सराहनीय काम के लिए प्रवीण जैसे दूल्हों की जितनी प्रशंसा की जाए सो कम है।

# दहेजलोभियों ने विवाहिता को उतारा मौत के घाट, गला दबाकर की निर्मम हत्या

▶ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्यवाही शुरू की

**भोपा, 30 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव कसौली में ससुराल पक्ष के लोगो ने दहेज की मांग के चलते विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले में मृतका के भाई ने मृतका की सास और पति सहित पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाने पर पहुंचे जानसठ थाना क्षेत्र के गांव पिमौड़ा निवासी मौ. अनस ने बताया कि तीन वर्ष पहले उसने अपनी बहन हिना का निकाह भोपा थानाक्षेत्र के गांव कसौली निवासी खुशनसीब के साथ किया था। शादी के समय परिजनों ने शादी के समस्त सामान सहित आठ लाख रुपए नकद दिए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही हिना का शौहर खुशनसीब, सास फरजाना, ससुर इंतजार, जेठ उन्नाव और देवर वारिस दहेज में इक्कीस लाख रुपए की मांग कर उसके साथ मारपीट करते थे, जिसके सम्बन्ध में उसकी बहन ने परिजनों को बताया, तो उन्होंने रिश्तेदारी निभाने के लिए समझा बुझाकर बात खत्म कर दी, लेकिन उसके बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया और वे लगातार उसकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे। पीड़ित ने बताया कि शनिवार की रात को ससुराल पक्ष के लोगों ने



उन्हें फोन कर उसकी बहन की मौत की सूचना दी, जिसके बाद परिजन आनन-फानन में कसौली पहुंचे पर विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए थे और हिना का शव कमरे के बाहर जमीन पर पड़ा हुआ था। हिना का शव देखकर मौके पर हंगामा मच गया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर भोपा पुलिस मौके पर पहुंची और विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर कार्यवाही में जुटी हुई है। विवाहिता के हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। दूसरी और जिस कमरे में विवाहिता का शव बरामद हुआ है, उस कमरे का सामान बुरी तरह से अस्त व्यस्त था। सामान बुरी तरह तोड़ा-फोड़ा गया था। यह तोड़फोड़ विवाहिता द्वारा किए गए प्रतिरोध का नतीजा है या अन्य किसी व्यक्ति या भीड़ द्वारा सामान में तोड़फोड़ हुई है यह भी जांच का विषय है। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## यूपी में एसआईआर से तंग बीएलओ टीचर फंदे पर लटका, लिखा- 4 बेटियां हैं, जीना चाहता हूं

**मुरादाबाद, 30 नवम्बर (एजेंसी)।** यूपी के मुरादाबाद में टीचर बीएलओ ने सुसाइड कर लिया। रविवार सुबह उनका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। टीचर सर्वेश सिंह (46) ने जान देने से पहले बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम 3 पेज का सुसाइड नोट लिखा। इसमें एसआईआर से परेशान होने की बात लिखी। नोट में उन्होंने लिखा- रात-दिन काम करता रहा। फिर भी SIR का टारगेट हासिल नहीं कर पा रहा हूं। रात बहुत मुश्किल और चिंता में कटती है। सिर्फ 2 से 3 घंटे सो पा रहा हूं। 4 बेटियां हैं, 2 की तबीयत कई दिनों से खराब है। मैं जीना तो चाहता हूं पर क्या करता, मुझे बहुत बेचैनी है। घुटन और अपने आपको डरा महसूस कर रहा हूं। मेरी 4 छोटी बेटियों का ख्याल रखना बहुत मासूम हैं। अगर समय ज्यादा होता, तो शायद मैं इस काम को पूरा कर देता। जो वक्त था वह मेरे लिए पर्याप्त नहीं था। क्योंकि, मैं अपने जीवन में पहली बार बीएलओ बना था। सर्वेश का सुसाइड से पहले का वीडियो सामने आया है। यह शनिवार का बताया जा रहा है। इसमें सर्वेश फूट-फूटकर रोते नजर आ रहे। वह कह रहे कि मैं 20 दिन से सोया नहीं हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार मैं खुद हूं। मैं एसआईआर काम में निपुण नहीं हूं।



# डिजिटल अरेस्ट कर 16.20 लाख रुपये ठगे

▶ शाहपुर के व्यक्ति को पुलिस व सीबीआई का खौफ दिखाकर डराया ▶ दो बैंक खातों से अपने खातों में ट्रांसफर कराई रकम और हो गए गायब ▶ साइबर ठगी को लेकर जागरूकता अभियान भी ठगी के मामलों पर बेअसर

**मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)।** साइबर ठगी को लेकर तमाम जागरूकता और अनजाने कॉल्स को उठाने को लेकर सजगता की तमाम अपीलों के बावजूद ठगों को शिकार मिल ही जाते हैं। ऐसे ही एक मामले में शाहपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर डराया गाय और पुलिस व सीबीआई का खौफ दिखाकर उसके दो बैंक खातों में 16.20 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। पीड़ित को मुम्बई में मनी लॉड्रिंग का केस होने की बात कहकर आरोपियों ने उसे अपने जाल में फंसाया। ठगे जाने के बाद सुध आई तो पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव हरसौली निवासी धर्मपाल ने बताया कि उसके पास 17 नवम्बर को एक अनजान नम्बर से कॉल आयी। दूसरी ओर से फोन पर एक महिला बात कर रही थी। उक्त महिला ने उसे बताया कि उसके नाम पर मुम्बई में एक मोबाइल नम्बर चल रहा है, जिसमें उसका आधार कार्ड लगा हुआ है। बातचीत के दौरान उक्त महिला ने उसे अपने फोन से विजय खान नाम के व्यक्ति से बात कराई। विजय ने बताया कि उसके खिलाफ मुम्बई में मनी लॉड्रिंग का एक केस दर्ज है, इसमें उसका गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इसके बाद उसके पास वीडियो कॉल की गई। इसमें पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति ने उसे गिरफ्तारी का खौफ दिखाते हुए कहा इस मामले में उसके वारंट जारी हैं उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यही नहीं फोन पर ही एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे सीबीआई अफसर बनकर डराया और कहा कि उसके खिलाफ गंभीर आरोप हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित को दिल्ली में बुलाया और गिरफ्तारी से बचाने के लिए उसे समााकर एसबीआई बैंक के खाते से उसके बैंक खाते से 11.70 लाख रुपए की आरटीजीएस करा ली। इसके साथ ही एक अन्य बैंक के खाते में साढ़े चार लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसा करने वालों ने तीन दिन बाद पैसे वापस करने का वायदा किया । पीडित को पैसे वापस नहीं मिले। तब जाकर पीड़ित को अहसास हुआ कि उसके साथ ठगी की गयी है। उसने साइबर अपराध शाखा में पूरे मामले की शिकायत की तो साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट से कैसे बचें

**खुद को ठगी से बचाने का सबसे जरूरी तरीका है जागरूक रहना। ऐसे अपराधों के प्रति हमेशा सतर्क रहें। डिजिटल अरेस्ट स्कैम से बचने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं: –** ▶ ऐसे नकली अधिकारियों के कॉल्स से सावधान रहें जो आपको मुसीबत में होने का दावा करते हैं। यह याद रखना हमेशा जरूरी है कि असली कानून प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारी कभी भी भुगतान या बैंकिंग विवरण नहीं मांगेंगे। ▶ साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई गई भय दिखाने और दबाव की रणनीति के आगे न झुकें, जो तत्काल कार्रवाई और गिरफ्तारी का डर दिखाकर कार्रवाई की बात करते हैं। ▶ अगर आपको कॉल पर शक है, तो जिस एजेंसी का ज़िक्र वे कर रहे हैं, उससे सीधे संपर्क करके उनकी पहचान की पुष्टि करें। शांत रहें और घबराएं नहीं। ▶ व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें और फोन या वीडियो कॉल पर कभी भी संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय विवरण न बताएं, विशेष रूप से अज्ञात नंबरों पर। ▶ याद रखें, सरकारी एजेंसियां आधिकारिक संचार के लिए व्हाट्सएप या स्काइप जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग नहीं करती हैं। यदि आपको लगता है कि आपके साथ धोखाधड़ी हो रही है, तो स्थानीय पुलिस या साइबर अपराध से संबंधित अधिकारियों को घटना की सूचना तत्काल दें।

### डिजिटल गिरफ्तारी के भय से पैसा खो चुके हैं तो ये करें?


▶ यदि आप डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले के शिकार हैं, तो पहला कदम तुरंत अपने बैंक को रिपोर्ट करना और अपना खाता फ्रीज कराना है। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को इसकी समय से जानकारी देना भी जरूरी है। उभरते साइबर खतरे से खुद को बचाने के लिए सतर्क और सूचित रहना महत्वपूर्ण है।

# ऐसा क्या हुआ कि हॉस्टिल के नौ दिन में गोपेश कृष्ण ने चुना मौत का रास्ता ?

▶ रजिस्टर में मिले सुसाइड नोट में स्किन डिजीज को लिखा आत्महत्या कारण ▶ कैसे लिया कठिन फैसला: कमरे में मिले लैप टॉप और मोबाइल का डाटा खंगालने में जुटी हुई है पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)।** ऐसा क्या हुआ कि नौ दिन के हास्टिल जीवन में एक होनहार युवा ने अपने जीवन को समाप्त करने का कठिन फैसला कर लिया। मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र गोपेश कृष्ण की आत्महत्या से पर्दा उठाने का दावा पुलिस ने किया है। यूनिवर्सिटी के हॉस्टल के कमरे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले गोपेश कृष्ण के कमरे से एक रजिस्टर मिला है, इसमें उसने अपनी आत्महत्या का कारण स्किन डिजीज को बताया है।

मुजफ्फरनगर में आरआई उदल सिंह के पुत्र गोपेश कृष्ण मात्र नौ दिन हॉस्टिल में रहे। 20 नवंबर को ही कॉलेज ज्वाइन किया था और 29 नवंबर को आत्महत्या कर ली। गोपेश के कमरे से जांच के दौरान पुलिस को रजिस्टर के लास्ट पेज पर एक सुसाइड नोट लिखा मिला है। जिसमें छात्र ने लिखा कि इस शरीर में अच्छा महसूस नहीं हो रहा, इसलिए जान दे रहा हूं। पुलिस ने गोपेश के पिता से हैंडराइटिंग की पहचान कराई तो वो सही निकली है। गोपेश के पिता उदल सिंह ने सुसाइड नोट देखकर कहा कि ये हैंडराइटिंग गोपेश की ही है। आत्महत्या के कारणों की जांच करते हुए पुलिस को गोपेश के कमरे में एक रजिस्टर मिला है। इस रजिस्टर के अंतिम दो पन्नों पर सुसाइड नोट लिखा है। इसमें लिखा कि मुझे स्किन डिजीज है। इसकी वजह से में तनाव में हूं। अपनी स्किन की बीमारी के कारण मैं बहुत परेशान हो चुका हूं, इसलिए जान दे रहा हूं। मैं अपनी मौत का खुद जिम्मेदार हूं। आई लव यू मम्मी-पापा। इसके आगे लिखा कि इस शरीर में अच्छा महसूस नहीं हो रहा है। इसलिए जान दे रहा हूं। सुसाइड नोट पर गोपेश ने अपने मोबाइल और लैपटॉप के पासवर्ड भी लिखे हैं। परिजनों के अनुसार आत्महत्या का कठिन फैसला लेने से पहले गोपेश ने शुक्रवार रात 9 बजे पापा उदल सिंह, मम्मी कमलेश, बड़ी बहन छाया, छोटे भाई हिमेश से वीडियो कॉल पर बात की थी। उसने हॉस्टल और अपने खाने के बारे में बताया। यह सामान्य वार्ता थी और गोपेश ने कुछ नहीं बताया। उदल सिंह कहते हैं वो तो शुरू से पढ़ाई में एक्सीलेंट था। उसका सपना डॉक्टर बनने का था। हमने तो उसकी बीमारी का पूरी तरह ट्रीटमेंट करा दिया था। वो सही हो चुका था। पुलिस ने गोपेश के लैपटॉप, मोबाइल की भी जांच कर रही है। इसमें यह भी देखा जा रहा है कि शुक्रवार की रात गोपेश ने गूगल, यूट्यूब पर क्या देखा है। कहीं उसने कोई ऐसी मूवी, वीडियो तो नहीं देखा जो हिंसक या स्ट्रेस बेस्ड हो। उसके फोन की गैलरी भी चैक की जा रही है जहां से कुछ सुराग मिल सके। लैपटॉप पर उसने क्या काम किया? सुसाइड नोट में गोपेश ने अपने मोबाइल, लैपटॉप के पासवर्ड लिखे हैं उसी से पुलिस चैक कर रही है। इससे यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि गोपेश ने क्या कोई साइट या वीडियो आदि देखकर निराशा में तो कदम नहीं उठाया।



गोपेश कृष्ण, मृतक

## फिर ठंड ने पकड़ी रफ्तार, पारा दस से नीचे

**तेज हवाओं के चलने से प्रदूषण हुआ साफ, एक्यूआई 178**

**मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)।** मौसम में तेजी से फिर बदलाव के बाद बढ़ रहा तापमान फिर से नीचे आ रहा है। आज नगर में अधिकतम तापमान 25.2 और न्यूनतम 9.6 डिग्री रहा। इससे भी खास बात यह रही कि तेज हवाओं के साथ आज शहर में प्रदूषण की स्थिति काबू में आई और एक्यूआई 178 पर आ गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप बढ़ने की आशा जताई है। फिर से पछुआ हवाओं की वापसी से रविवार को ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। रविवार को दिन भर 25 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में पश्चिमी यूपी में दिन व रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट के आसार हैं। सोमवार से पूरे प्रदेश में ठंड में क्रमशः बढ़ोतरी आएगी। रविवार को मौसम में बदलाव का असर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव अगले दो दिनों में उत्तरी पछुआ हवाओं का असर पूरे प्रदेश में दिखाई देगा। ठंड में क्रमशः बढ़ोतरी आएगी। मंगलवार को सुबह तराई समेत ज्यादातर इलाकों में सुबह शाम हल्के से मध्यम कोहरे का असर दिखाई देगा। रविवार को दिन भर तेज पछुआ हवाएं चलीं। हल्के बादलों के चलते धूप की तपिश कम हुई और रात के तापमान में तीन डिग्री की गिरावट आई। शाम होने तक हवा में अच्छी खासी गलन महसूस की गई और रात सर्द रही। मौसम विभाग का कहना है कि लखनऊ समेत प्रदेश भर में ठंडी पछुआ के असर से अगले दो-तीन दिनों में दिन व रात के पारे में 2 से 4 डिग्री की गिरावट के आसार हैं।

## साइक्लोन दितवाह से 3 लोगों की मौत: 149 जानवरों की जान गई

**चेन्नई, 30 नवंबर (एजेंसी)।** साइक्लोन दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हुई है। तूतीकोरिन और तंजावुर में दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान गई। राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया- तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है। पुडुचेरी में तूफान के असर के चलते तेज बारिश जारी है।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली में होने वाली शिक्षकों की रैली रद्द

**लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसी)।** दस प्रदेशों के शिक्षक संगठन 'टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया' की पांच दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली की अनुमति को दिल्ली पुलिस ने निरस्त कर दिया है। अब सोमवार को शिक्षक संगठन ऑनलाइन बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे। देशभर के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के बाद यूपी समेत दस राज्यों ने टीएफआई का गठन किया था। साथ ही टीईटी अनिवार्यता समाप्त किए जाने के लिए पांच दिसंबर को दिल्ली में रैली करने की घोषणा की थी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने हाल ही में कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए पांच दिसंबर को रैली की अनुमति निरस्त कर दी है।

## बच्ची संग अश्लील हरकतें करने वाला युवक गिरफ्तार

▶ युवक की खातिरदारी कर पुलिस ने भेजा जेल

**बुढ़ाना, 30 नवम्बर (बु.)।** पुलिस ने 12 घंटे में ही एक ऐसे नशेड़ी युवक को दबोचकर जेल भेज दिया, जिसने 5 वर्ष की एक बच्ची संग अश्लील हरकतें की थी। उक्त आरोपी को जेल भेजने से पहले बुढ़ाना पुलिस ने उसकी अच्छी खातिरदारी भी की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक मौहल्ले की करीब 05 वर्ष की एक बच्ची बीते दिन अपने घर के पास खेल रही थी, तभी वहां पर मौहल्ले का ही एक नशेड़ी युवक वकार आया, जिसने बच्ची को बहलाया-फुसलाया और उसे पास में ही सुनसान जगह पर स्थित खाली पड़े एक प्लाट पर ले आया और उसके साथ अश्लील हरकतें की, तब बच्ची के चीखने व चिल्लाने पर आरोपी युवक मौहल्ले के कुछ लोगों को आते देख भाग खड़ा हुआ। घटना की सूचना बच्ची के परिजनों को मौहल्ले के लोगों ने दी तो परिजन कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पहुंच गये और बच्ची को बुढ़ाना कोतवाली में ले जाकर बुढ़ाना पुलिस को घटना के बारे में बताया, तब सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर दारोगा आशीष चौधरी ने पीड़ित बच्ची का मेडिकल करवाते हुए तुरंत मामला दर्ज करके भागदौड़ करने के उपरांत आरोपी को कुल 12 घंटे में ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों के आधार पर खतौली तिराहे से पकड़ कर बुढ़ाना कोतवाली ले जाकर अच्छी खासी खातिरदारी कर गंभीर धाराओं में जेल भेजा है।



